निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

संदेश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस 2022 के इस अवसर पर सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

1963 में प्रारंभ हुआ यह सफर अब अपने 60वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस लंबे सफर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने शिक्षा के क्षेत्र में देश के अंदर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है और आज केन्द्रीय विद्यालयों की गिनती एक उत्कृष्ट संस्थान के रूप में होती है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कंधों पर 1252 केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ रहे 14.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सदैव अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास को केन्द्र में रखकर उनमें भारतीयता की भावना को प्रेरित करने की दिशा में कार्य किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को स्कूली शिक्षा में लागू करने में भी केन्द्रीय विद्यालय संगठन अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शिक्षा के अनेक मानदण्डों पर खरा उतरने के लिए केन्द्रीय विद्यालयों के शिक्षक निरंतर अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। अतः मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इस स्वरूप को गढ़ने के लिए अपने वर्तमान और पूर्व शिक्षकों को विशेष रूप से हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूँ।

मुझे दृढ़ विश्वास है कि सेवा और समर्पण का यह सफर अनवरत जारी रहेगा।

शुभकामनाओं सहित

निधि पाण्डे

15 दिसंबर, 2022

(निधि पाण्डे)
आयुक्त